राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
अम्बेडकर भवन, जी 3/1, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर

प्रेस नोट

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि बढाई

जयपुर, 10 फरवरी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन किये जाने की तिथि पूर्व में विभाग द्वारा दिनांक 01.02.2025 से 10.02.2025 निर्धारित की गई थी।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को दिनांक 15.02.2025 तक बढा दिया गया है।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन SSO Portal (https://sso.rajasthan.gov.in) के द्वारा SJMS SMS APP. पर दिनांक 15 फरवरी 2025 तक विभाग को ऑनलाईन किये जा सकते है।

RajKaj Ref No.: 13501962